मॉल में काम कर रहे गार्ड की संदेहास्पद मौत

# परिजनों ने किया हंगामा कंपनी से मांगा मुआवजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना इलाके के बड़गाई चौक स्थित वी मार्ट मॉल में काम कर रहे रामवृत महतो नाम के एक शख्स की मौत हो गई। घटना को लेकर रामवृत महतो के पुत्र ने बताया कि उनके पिता वी मार्ट मॉल में गार्ड के रूप में काम करते थे। प्रतिदिन की तरह शनिवार के शाम को वह काम पर गए, लेकिन रात करीब 9 बजे अचानक उनके पिता की मौत हो गई। मॉल में काम करने के दौरान गिरने के बाद उन्हें आनन-फानन में रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक मौत होने के कारण रामवृत महतो के परिजन और स्थानीय लोग साजिश की आशंका जता कर पुलिस से जांच की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मौत हुई तो उस समय कैमरा को बंद कर दिया गया था। ऐसे में काम के दौरान मौत होने की वजह से कंपनी को मुआवजा देना चाहिए।

# वर्चस्व को लेकर गोलीबारी का आरोप पुलिस ने घर से बरामद किया 15 लाख

## रातू थाने में दर्ज है प्राथमिकी, पुलिस कर रही कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रातू थाना एरिया के कृष्णानगर में वर्चस्व को लेकर पहले गोलीबारी करने का आरोप विजय कुमार सिंह पर लगा है। गोलीबारी में तीन लोगों को छर्रा लगा है। इसके पूर्व एक दबंग के द्वारा पड़ोसी के साथ मारपीट कर पति- पत्नी का हाथ तोड़ दिया। पीड़ित पति- पत्नी को रिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, रातू थाना एरिया के कृष्णनगर कॉलोनी में रहनेवाले विजय कुमार सिंह ने पड़ोसी सुभाष प्रजापति के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विवाद के बीच विजय सिंह, सुभाष प्रजापति की जमीन पर काम करवा रहा था। जिसका सुभाष प्रजापति ने विरोध किया तो उनलोगों के विरूद्ध हमला बोला गया। हमले में पति-पत्नी जख्मी हो गये। इसके बाद विजय सिंह वहां वर्चस्व स्थापित करने के लिए छह राउंड फायरिंग की। इनमें से एक महिला समेत तीन लोगों को छर्रा लगा है। फायरिंग करने के बाद जब मुहल्ले के लोग एकत्रित होने लगे तो विजय कुमार सिंह वहां से फरार हो गया। मारपीट करने के मामले में सुभाष प्रजापति ने रातू थाने में विजय कुमार सिंह, उसकी पत्नी बबीता कुमारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। रातू पुलिस का कहना है कि पुलिस ने वहां से छह खोखा बरामद किया है। रातू थाना प्रभारी शशिकांत चौधरी ने जब विजय कुमार सिंह के घर की तलाशी ली तो घर से एक सूटकेश में 15 लाख कैश जब्त किया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि कैश कहां से आया है। पुलिस का कहना है कि विजय कुमार सिंह मर्डर कांड के आरोप में जेल जा चुका है। वर्तमान में वह जमानत पर छूटा है। इधर, आरोपी बबीता कुमारी का कहना है कि उनलोगों पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। उनके पति विजय कुमार सिंह के द्वारा कोई भी फायरिंग नहीं की गयी है। बबीता कुमारी ने इस संबंध में डीआइजी, एसएसपी, ग्रामीण एसपी को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

खबर एक नजर में

### मतदान के बाद फुर्सत के क्षण में सुबोधकांत



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता सुबोधकांत सहाय एचईसी परिसर स्थित अपने आवासीय कार्यालय (ई-39/3) पर चुनाव की गहमागहमी के बाद रविवार (26 मई) को आराम किया और लोगों से बातचीत की।

### सांसद संजय सेठ ने लोगों का जताया आभार



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कल लोकतंत्र के पर्व चुनाव में रांची लोकसभा के सभी मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कल जो जनता का प्यार, आशीर्वाद मिला। उसके लिये दिल से अभार इतनी गर्मी होने के बावजूद लोग अपने घरों से निकले। लोकतंत्र के इस माह पर में भाग लिया इस। चुनाव में पार्टी के सभी कार्यकर्ता, प्रदेश के पदाधिकारी, भाजपा संगठन के समस्त पदाधिकारी को दिल के गहराइयों से नमन करता हूं। सभी लोगों के सहयोग और प्यार के लिए रांची लोकसभा के सभी कार्यकर्ताओं का यहां की जनता का जीवन भर ऋणी रहूंगा। साथ ही चुनाव में लगे प्रशासनिक पदाधिकारी जिन्होंने शांतिपूर्वक चुनाव कराया वैसे सभी लोग जो चुनाव कार्य में लगे रहे, वैसे सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

### राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी ने गुजरात हादसे पर जतायी संवेदना

**रांची।** राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी ने गुजरात के कोटा के पकड़ी गांव में बिल्डिंग जोन में आगलगी की घटना में बच्चों समेत 30 लोगों की मौत की दुखद घटना और झारखंड के बालूमाथ में आग लगने की वजह से एक बालक की मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री बबन चौबे, भगवान राय, शमीम अंसारी, तौफीक आलम, बिप्टू सिंह,संतोष श्रीवास्तव,मनोज गुप्ता, उपरोक्त सभी लोगों ने दोनो दुखद घटनाओं पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी ने घटना की गुजरात सरकार से उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की भी मांग की है।

### ज्वाला प्रसाद के निधन से वैश्य समाज दुखी

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के महामंत्री संजय चौधरी के पिता ज्वाला प्रसाद चौधरी का रविवार प्रातः 5.00 बजे आकस्मिक निधन हो गया। कल सुबह राजा हाता, हरमू रोड स्थित उनके आवास से हरमू मुक्तिधाम के लिये अंतिम यात्रा निकलेगी। उनके आकस्मिक निधन पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा के सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, वैश्य महासम्मेलन के डॉक्टर विजय प्रकाश, ज्ञान शंकर, संजय पोद्दार, दिलीप सोनी, ललित चौधरी, हेमंत गुप्ता, मनोज साहू, संजय जायसवाल ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है।

### कैलाश की करूणा, राँची का जत्था उज्जैन रवाना



**रांची।** कैलाश की करुणा के संस्थापक कैलाशी अरविन्द सिंह कौशल के नेतृत्व में 60 यात्रियों का जत्था श्री महाकाल (उज्जैन) रविवार को रवाना हुआ। जत्थे में 26 महिला 24 पुरूष तथा 10 बच्चे हैं। जत्था दो द्वादश ज्योतिर्लिंग (महाकाल और ओंकारेश्वर) मंदिर, हरसिद्धी मंदिर, काल भैरव मंदिर दर्शन कर 30 मई को वापसी करेगा।

# चाईबासा : टेबो घाटी में ट्रक से 3.14 करोड़ का डोडा जब्त, 5 लाख नकद बरामद, दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित 3 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक का डोडा जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। मुख्य तस्कर मौके से फरार हो गया। तस्कर बदंगांव की तरफ से चक्रधरपुर से चाईबासा जा रहा था। तस्कर पुलिस को आंख में धूल झोंकने के लिए डोडा के ऊपर ट्रक के ऊपर खाली बोरा और तेल का टीना रख दिया था। पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि करोड़ों का डोडा चाईबासा की तरफ जा रहा है। सूचना महत्वपूर्ण थी इसलिए एसपी ने तत्काल पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने टेबो घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

बंदगांव से एक टाटा कंपनी का ट्रक चक्रधरपुर के तरफ जा रहे ट्रक को पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो मामला खुल गया। जांच करने पर ट्रक के ऊपर के ऊपर से 67 बंडल में प्रत्येक बंडल में 48 पीस बोरा, 415 तेल का खाली डिब्बा मिला। उसके नीचे 135 प्लास्टिक के बोरा में 2096 किलो ग्राम अफीम डोडा जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ चौदह लाख रुपये बताया गया।

### अफीम की खरीद बिक्री करते तीन युवक गिरफ्तार

**रांची।** अफीम की खरीद बिक्री करते तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नामकुम थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए नामकुम थाना क्षेत्र के जामचुंआ के पास से तीन अफीम तस्कर गिरफ्तार किया। जिनमें शिवम हजाम, दीपक मुंडा और शनिचरवा मुंडा शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 90 हजार कैश और सात सौ ग्राम अफीम बरामद किया है। रविवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने यह जानकारी दी। ग्रामीण एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी।

# जैक बोर्ड : 10वीं व 12वीं में अब 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रावधानों के मुताबिक 10वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की अपने स्कूल में 75% उपस्थिति जरूरी है। अब शिक्षा विभाग (झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद) की नजर उन स्टूडेंट्स पर है, जो 10वीं, 12वीं की परीक्षा में हाल के दिनों में जारी रिजल्ट में अनुत्तीर्ण रहे हैं और जिनकी अपने क्लास में उपस्थिति 75% से भी कम रही है। जेईपीसी की ओर से इसकी रिपोर्ट तैयार करायी जाएगी। इस संबंध में परिषद के राज्य परियोजना निदेशक की ओर से सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी और अन्य को लेटर भी भेजा गया है। इसके जरिए निदेशक आदित्य रंजन ने कहा है कि स्कूलों में 75% उपस्थिति और लगातार 30 दिनों तक अनुपस्थित रहने वाले स्टूडेंट्स का नामांकन रद्द करने संबंधी दिशा-निर्देश पहले से निर्गत है। इसके आलोक में सीएम आदर्श स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में दसवीं और बारहवीं क्लास के वैसे स्टूडेंट्स जो अनुत्तीर्ण हो गये, उनकी स्कूलों में क्या उपस्थिति रही? उससे संबंधित जांच रिपोर्ट तैयार की जाए। इसके पिछले सत्र की भी उपस्थिति संबंधी रिपोर्ट तैयार हो। साथ ही ऐसे सभी स्कूल जिनमें 10% से अधिक स्टूडेंट्स अनुत्तीर्ण हुए हैं।

# आरडीसीआईएस में बॉन्ड वर्क इंडेक्स बॉल मिल का उद्घाटन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आयरन एंड स्टील रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (आरडीसीआईएस) ने अपने इस्पात भवन परिसर में शुक्रवार को एक अत्याधुनिक मशीन, बॉन्ड वर्क इंडेक्स बॉल मिल का उदघाटन कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस) संदीप कर ने किया। इसमें आरडीसीआईएस के मुख्य महाप्रबंधकों, एडवाईजर, कार्यपालकों, गैर-कार्यपालकों एवं अनुबंध कर्मियों की उपस्थिति रही। बॉन्ड वर्क इंडेक्स बॉल मिल खनिज प्रसंस्करण और धातुकर्म अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह अयस्कों की पीसने की क्षमता पर महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करता है, जो कुशल मिलिंग प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए आवश्यक है। आरडीसीआईएस की सुविधाओं में यह नया इजाफा, लौह और इस्पात उद्योग को आगे बढ़ाने की उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप, सामग्री परीक्षण और अनुसंधान में केंद्र की क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। संदीप कर ने धातुकर्म क्षेत्र में निरंतर नवाचार और विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बॉन्ड वर्क इंडेक्स बॉल मिल का चालू होना तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए आरडीसीआईएस के समर्पण का एक प्रमाण है। यह सुविधा न केवल हमारे वर्तमान शोध का समर्थन करेगी बल्कि उद्योग-व्यापी अनुप्रयोगों के लिए नए रास्ते भी खोलेगी। इस कार्यक्रम में आरडीसीआईएस टीम के विभिन्न मुख्य महाप्रबंधकों और समूहों के प्रमुखों की भागीदारी देखी गई। बॉल मिल के कार्यों और धातुकर्म अनुसंधान में इसके अनुप्रयोग का एक विस्तृत प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें भविष्य की परियोजनाओं पर इसके संभावित प्रभाव को दशार्या गया। दक्षता, स्थिरता और नवाचार में सुधार लाने के उद्देश्य से चल रही पहलों के साथ, आरडीसीआईएस लौह और इस्पात क्षेत्र के लिए अनुसंधान और विकास में अग्रणी बना हुआ है। बॉन्ड वर्क इंडेक्स बॉल मिल की शुरूआत आरडीसीआईएस की उत्कृष्टता की यात्रा में एक और मील का पत्थर है।

# एक्वा वर्ल्ड में कार्टून संडे पर बच्चों ने जमकर किया धमाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत कार्टून संडे आयोजित किया गया। रविवार की पूरी शाम बच्चों के नाम रही।बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया।बच्चों के लिये एक सेल्फी कार्टून कॉर्नर बनाया गया था, जहां बच्चे सेल्फी ले रहे थे कार्टून कैरक्टरों के साथ। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिये कार्टून के थीम में फैंसी ड्रेस कंपटीशन भी हुआ। कार्टून सीरियलों के थीम पर आधारित क्विज टाइम का भी आयोजन हुआ। बच्चों को इन कार्टून सीरियल्स के थीम सॉन्ग को सुना कर उससे संबंधित प्रश्न पूछे गये।सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को एक्वा वर्ल्ड ग्रुप की को चेयर पर्सन डॉ विद्या झा शाहदेव ने पुरस्कृत किया। जबकि इस अवसर पर निदेशक गण सुमित रूंगटा, संतोष कुमार, शांभवी प्रभा, आनंद आदि उपस्थित थे। अगले रविवार 2 जून को समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत हॉरर थीम पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे से किया जायेगा।

### चाय पर चर्चा कार्यक्रम के प्रतिभगियों को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विगत 27 अप्रैल को प्रेस क्लब, रांची में आयोजित असली चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम आयोजक आदित्य विक्रम जयसवाल ने रविवार को सर्टिफिकेट प्रदान किया। श्री जयसवाल ने कहा कि रांची के युवा जोश और आशावाद से भरे हुए हैं। उम्मीद है कि बेहतर अनुभव और ज्ञान को अपने अंदर समाहित करने की प्रक्रिया में हम भी कुछ ऐसा ही महसूस करेंगे। हमारे विश्व को बेहतर बनाने के लिए समर्पित संस्था अभ्युदय के बच्चों के प्रयासों को याद करने का अवसर मिला। असली चाय पर चर्चा के एक कार्यक्रम में, हमने इन सबसे प्रतिभाशाली और युवा के साथ बातचीत की और उनके जोश और उत्साह के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए हैं।

### अंगिका समाज ने चलाया नारायण सेवा कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज के द्वारा चलाया जा रहे नारायण सेवा कार्यक्रम का आयोजन रविवार को विश्वनाथ मंदिर, पिस्का मोड़ एवं दुर्गा मंदिर, रातु रोड में डॉ.श्रीमोहन सिंह के नेतृत्व में नारायणों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया गया। दोनों मंदिरों में सभी सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर समाज तथा राज्य की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मोहन रजक अध्यक्ष, डॉ.श्रीमोहन सिंह महासचिव, नवीन चन्द्र चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ.एस.के. पी. सिंह, नरोत्तम प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता, बिभाष कुमार मिश्र, चितरंजन प्रसाद गप्ता,महानन्द ठाकुर, अनिमेष कुमार सिंह उपस्थित थे।

# नशा संपूर्ण मानव जीवन को कर देती है नष्ट : विजय कुमार यादव

## नशा उन्मूलन पर रांची रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में डालसा का कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झालसा के निर्देश पर रांची रेलवे स्टेशन और बिरसा मुंडा बस स्टैंड टर्मिनल पर रविवार को नशा उन्मूलन विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव, एलएडीसी के अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी संगीता सिंह, श्यास्था परवीन, संगीता देवी, पिंकू कुमारी, बबलू कुमार, राजा वर्मा एवं अन्य लोग शामिल थे। रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे संपूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। एलएडीसी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने कहा कि युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशामुक्ति अभियान चलाती है। एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि नशा मुक्ति एक महत्वपूर्ण मानविक उद्देश्य है, जिसका मकसद व्यक्ति और समाज को नशे की बुराई से मुक्त करना है। कार्यक्रम में 8 जून को होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत व 13 जुलाई को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी लोगों को दी गयी। इसके साथ, बाल विवाह, मानव तस्करी, पोस्को एक्ट, डायन प्रथा, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं विधिक सेवा प्राधिकार कानूनी सहायता नंबर 15100 से सम्बंधित जानकारी दी गई। बताया गया कि आपको कानूनी सहायता कि जरूरत तुरंत हो और कोई विकल्प नहीं है तो विधिक सहायता नंबर 15100 डायल कर सहायता ले सकते हैं।

# सततशील पर्यावरण और सामूहिक पहल के लिए अभियान की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**वन विभाग, जेएसपीसीबी और सीड के अभियान में पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ाने पर जोर**

**रांची।** वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और सीड संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दस दिवसीय राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान की शुरूआत हुई, जो 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन तक जारी रहेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण दिवस के थीम के अनुरूप भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने, सुखाड़ की स्थिति से निबटने और भू-क्षरण को रोकने के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना एवं सामुदायिक पहल को प्रोत्साहित करना है। मौके पर डॉ संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन-बल प्रमुख ने व्यक्तिगत प्रयासों एवं सामूहिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के थीम हमारी भूमि, हमारा भविष्य और हम हैं। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के सभी क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य राज्य में पर्यावरण संरक्षण, सततशीलता और समावेशी विकास में हरेक व्यक्ति के योगदान के महत्व को रेखांकित करना है। शशिकर सामंता ने अभियान में छोटे कदमों को बड़े बदलाव को साकार बनाने के लिये जरूरी बताया। उन्होंने पर्यावरणीय चुनौतियों से निबटने के लिये वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुरूप सहयोगात्मक और समाधान केन्द्रित दृष्टिकोण की महत्ता पर बल दिया। रमापति कुमारए सीईओए सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरणा लेते हुये प्रकृति संरक्षण और सतत जीवनशैली अपनाने पर बल दिया।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने लगाया स्वास्थ्य जाँच सेवा शिविर



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने रविवार को स्वास्थ्य जाँच सेवा शिविर का आयोजन किया। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क, मोराबादी के सामने शिविर लगाया गया। 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत दुसरे शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, और हीमोग्लोबिन का निःशुल्क जांच कराया गया।

### मस्जिद जाफरिया में ईरानी सदर की शहादत पर शोक सभा आयोजित



**रांची।** इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति मौलाना सैयद इब्राहिम रईसी, ईरान के विदेश मंत्री समेत ईरान के सभी शहीदों की याद में रविवार को मस्जिद जाफरिया में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने की और संचालन शायर सैयद नेहाल हुसैन सरियावी ने किया। सभी वक्ताओं ने इब्राहिम रईसी के कार्यों को याद किया। मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि इब्राहिम रईसी मिल्लत इस्लामिया के मसीहा का नाम था।

स्पीड न्यूज

### सरकारी शराब दुकान में चोरी

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रायडीह मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान से देर रात चोरी का मामला सामने आया है। दुकान के इंचार्ज सूरज कुमार गुप्ता ने तमाड़ थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराया। सूरज कुमार गुप्ता ने बताया की रात को प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर सभी कर्मचारी घर चले गये। देर रात शराब दुकान के तैनात गार्ड प्रकाश महतो का फोन आया की दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है। आनन-फानन सभी कर्मचारी दुकान पहुंचे और तमाड़ थाना को सूचना दिये। तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान के अंदर दाखिल हुये। जहां देखा तो सब हैरान रह गये। चोरो ने दुकान में खुफिया जगह पर लगा लॉकर को ले उड़े। दुकानदारों के अनुसार लॉकर में दो से तीन दिनों के सेल का करीब 2 लाख 94 हजार 930 रुपए तथा महंगी शराब की बोतल को चोर ले उड़े।

### सड़क हादसे मे एक व्यक्ति की हुई मौत

**अनगड़ा ।** थाना क्षेत्र के हेसल रिंग पर टॉल प्लाजा हेसल के पास सड़क हादसा में सुधुवा मुन्डा नामक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक थाना क्षेत्र के हेसल नया टोली गांव का रहने वाला था। वह अपने घर से साईकिल से गोन्दली पोखर बजार आ रहा था इसी बीच एक ट्रक डीएल 1 एमबी 1750 ने अपने चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया । उसे इलाज के लिए ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी

### झाड़ी में बेसुद पड़ी महिला बरामद



**ओरमांझी।** पुलिस द्वारा एक 40 वर्षीय महिला को अचेता अवस्था में बरामद किया गया है। एनएच-20 रांची रामगढ सड़क किनारे थाना क्षेत्र के जैविक उद्यान के पास झाड़ी में महिला वेसुद पड़ी थी। रविवार रात 7:30 बजे के करीब महिला को झाड़ी पर अचेता वस्था में देख इसकी सूचना पुलिस को दी गई। महिला की शव पड़ा होने की जानकारी होने पर कई लोग पहुंच गए थें। वहीं ओरमांझी थाना पुलिस जैसे ही पहुंची, तबतक महिला उठ कर बैठ गई। पुलिस द्वारा पुछताक्ष करने के दौरान महिला ऐसी बात कर रही थी जैसे वह नषे पर हो, इसी दौरान किसी ने महिला की पहचान इरबा निवासी स्व. क्युम अंसारी की पत्नी से सफीना खातुन के रूप में किया। जिसके बाद पुलिस द्वारा महिला को उसके घर भेजवा दिया गया।

### ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा छेछानी टोला निवासी मिथलेश तिवारी की रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुशार मिथलेश तिवारी सुबह हर रोज की तरह आज भी मंदिर स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच कचहरी चौक के पास एक ट्रैक ने उन्हे अपने चपेट में ले लिया। बेकाबू ट्रक इतने रफ्तार में थी की शरीर को धड़ से अलग कर दिया। स्व मिथिलेश तिवारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना पुलिस को दी गई।

### मिथिलेश तिवारी के निधन पर भाकपा ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रचिर कुमार तिवारी ने रविवार की सुबह रेड़मा निवासी मिथिलेश तिवारी के सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्व तिवारी हमारे चाचा थे, जो काफी मृदु भाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे।

# मरासिल्ली पहाड़ पर महंत लाल गिरी की सांप के डसंने से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के राजाउलातू उनीडीह स्थित प्रसिद्ध शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर रहने वाले नागा साधु महंत लालगीरी की शनिवार रात जहरीले सांप के डंसने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रात लगभग दो बजे महंत लालगीरी ने पहाड के समीप दुकान चलाने वाले युवक कार्तिक को फोन कर बताया कि उन्हे सांप ने काट लिया है और उनकी तबीयत बिगड रही है। जिसके बाद कार्तिक एक साथी के साथ उपर पहाड पर पहुंचा और मंहत को लेकर राजाउलातु चौक स्थित झांड फूंक कराने ले गया। जहां पहुंचते ही महंत लालगीरी गिर गए और उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। लोग महंत के कमरे में गए जहां उन्हे बिस्तर में छिपा कुर्थिया प्रजाति का नाग मिला जिसे लोगों ने पकड कर एक बाल्टी में रख लिया। इधर रविवार सुबह मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गयी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महंत के शव को पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया।स्थानीय लोगों ने बताया कि महंत लालगीरी काफी दिनों से पहाड़ पर रह रहे थे। तीन दिन पहले ही वो पहाड़ पर लौटे थे। उनकी मौत की सूचना पर बडी संख्या में उनके भक्त मारासिल्ली पहुंच रहे है। ग्रामीणो के अनुसार महंत लालगीरी मूल रुप से लातेहार जिले के रहनेवाले थे। घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिजन भी राजाउलातु पहुंच गए है।




पकडा गया दुर्लभ प्रजाति का कुर्थिया नाग, महंत लालगीरी का फाईल फोटो

**घटना को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक, मौके पर विधायक भी पहुंचें :** महंत लालगीरी की मौत के बाद शिवलोकधाम महिला समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने पहाड पर बैठक की मौके पर स्थानीय विधायक राजेश कच्छप भी पहंचे और महंत के दाह संस्कार के लिए दस हजार रुपए की राशी सौंपी, इधर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार 28 मई को शुद्वीकरण,पूजापाठ कर भोज का आयोजन किया जाएगा।

## सुसारी पर्व का दुर्गा घट उल्लास के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** राहे प्रखंड का प्रसिद्ध सुसारी पर्व का दुर्गा घाट अनुष्ठान रविवार को संपन्न हुआ ।सोमवार की रात कालीघाट के साथ 9 दिनों से चल रहा पर्व संपन्न हो जाएगा। सुसारी पर्व मंडा पर्व का ही एक स्वरूप है। भोक्ताओं के सरदार सुसारी ने 9 दिनों तक राहे स्थित मंदिर में शिव आराधना किया है। आठवें दिन रविवार को कोकरो नदी किनारे स्थित श्मशान घाट से सुसारी को माता दुर्गा के भेष में शिव मंदिर तक लाया गया। इस दौरान रास्ते में कई बार सुसारी प्रतीकात्मक रूप से अपने चेतना खो हो जाता है। सुसारी को लाने के लिए सैकड़ो की संख्या में युवक भूत पिशाच का भेष बनाकर नाचते हुए राहे शिव मंदिर तक आये। आधुनिकता के इस दौर में भी युवक अपने परंपरा को निभा रहे हैं। मान्यता है कि हम अपनी मन्नत पूरी होने पर युवक इस पर्व में भूत पिशाच का भेष लेते है। पर्व का आयोजन सोलह आना समिति के द्वारा वर्षों से किया जा रहा है। पर्व के नोवे रात श्मशान घाट से पुनः सुसारी को रात में माता काली के भेष में लाया जाएगा। रात भर छऊ नृत्य का आयोजन कर जागरण किया जाएगा । मंगलवार सुबह फुल खुंदी आयोजन के साथ पर्व का समापन होगा। पर्व को लेकर राहे सोलह आना समिति के मनोज चटर्जी , सुरेंद्र प्रजापति, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, थाना प्रभारी फैज रब्बानी पुलिस बल के साथ सहयोग कीये।



माता दुर्गा के भेष में सुसारी और भोक्ता

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** नेशनल हाई स्कूल प्रांगण में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड के उप प्रमुख परवेज आलम व विशिष्ट अतिथि अतिथि डॉ नैयर मुमताज ने संयुक्त रूप से मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रस्तावित प्लस टू क्लासेज का भी उदघाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप प्रमुख परवेज आलम ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य है। आप अपने अंदर छुपी प्रतिभा को पहचाने और लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें कामयाबी जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी हासिल करना ही नही बल्कि नौकरी के साथ साथ परिवार, समाज, राज्य व देश के तरक्की में अहम योगदान भी होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ नैयर मुमताज ने आधुनिक शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि आज जमाना स्किल का है। आप साइंस, कॉमर्स व आर्ट्स किसी भी फील्ड में जाएं आप मे स्किल होना चाहिए तभी आप कामयाबी के शिखर पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बने पवन उरांव, 85 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही सीनम फिरदौस व 84 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे इशरत खातून के अलावे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ट्रॉफी, बैग, मेडल व पेन सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूल के प्रिंसिपल जिब्राइल अंसारी, मास्टर महमूद अंसारी, विजय कुमार, इरफान अहमद, नाईमुद्दन अंसारी, मो. इमरान व छात्र छात्राओं सहित अन्य मौजूद थे।

## खलारी सीमेंट फैक्टरी परिसर में सीमेंट की आड़ में कोयला के कारोबार, धूल गर्दा से परेशान ग्रामीण

### ग्रामीणों ने सीमेंट फैक्टरी प्रबंधन को सौपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी सीमेंट फैक्टरी परिसर में सीमेंट की आड़ में कोयला के कारोबार से खलारी प्रखण्ड के ग्रामीणों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीमेंट फैक्टरी में कोल डंप साइडिंग में कोयला सीसीएल के अनेकों परियोजनाओं से लगातार दिन रात 24 घँटे कोयला ट्रकों व हाइवा से ट्रंसपोटिंग करने से आसपास के गांवों व सड़कों में लगातार धूल गर्दा अथवा दुर्घटना का आसंका बना रहता है। सीमेंट फैक्टरी में ट्रकों व हाइवा से कोयला ट्रंसपोटिंग अधिकतर रिहायसी एरिया के तरफ से किया जाता है। जो मानक रूप से अवैध है। फैक्टरी में कोयला ट्रंसपोटिंग बिना किसी के कानून का भय अथवा कानून का धजिया उड़ाते हुए किया जा रहा है। जिससे इन रिहायसी इलाको में बसे जेहली टाँड़,बैंक चौक खलारी,बाजार टाँड़,शहीद चौक,केडी बाजार सहित अन्य दुकानदार,घरों अथवा आने जाने वालों राहगीरों को रोजाना बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। लगातार कोयला लोड वाहनों का संचालन से प्रदूषण फैला रहा है। जिसका असर इंसानों,जीव जंतुओं को गंभीर बीमारियों के साथ चुकाना पड़ता है। इन सभी कारणों को लेकर खलारी के ग्रामीणों ने सीमेंट फैक्टरी प्रबंधन को एक पत्र सौपा है। जिसमे मांग किया गया कि खलारी बाजारटांड़ से लेकर ओभरब्रिज तक सुबह शाम रोजाना झाड़ू लगाना ,ट्रंसपोटिंग का समय सारणी किया जाय, रोड पर पानी का छिड़काव,रोड पर स्ट्रीट लाइट व ग्रामीणों को रोजगार देने की मांग किया गया। ज्ञापन देने में मंतोष कुमार, संजीत सिंह, सलीम अंसारी, मेजर, गीता देवी, सुरेंद्र चौधरी ,दिनेश विश्वकर्मा, गोपाल ठाकुर सहित अन्य ने सौपा।



परेशान ग्रामीण आवेदन सौपते हुए

## कांग्रेस-भाजपा देवेंद्रनाथ के वोट पर निर्भर चुनावी चचाओं में जीत हार रहे प्रत्याशी



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** छठ चरण के लोगसभा चुनाव 25 मार्च को समाप्त हो गया। ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा बंपर वोटिंग 81 प्रतिषत मतदान किया गया। दूसरे दिन क्षेत्र के चौक चौराहे हो या चाय व पान की दुकान लोाग दिनभर मतदान व कांग्रेस भाजपा की दावे व चर्चा होती रही। हलकि चुनाव परिणा चार जून को आएगी। उससे पहले चुनावी चचाओं में लोग अपने-अपने तर्को से दोनो प्रत्याषियों को हरा व जीता रहे हैं। कोई भारतीय जनता पार्टी को प्रत्याषी सांसद संजय सेठ को भाती मतों से जीत का दावे तो कोई काफी कम मतो से जीतने का दावे कर रहे हैं। वहीं कोई कांग्रेस प्रत्याषी यसष्विनी सहाय को जीत की संभावना जता रहे हैं। जीत हार के आंकड़ा प्रत्याषी देवेंद्रनाथ महतो के मिले वोट प्रतिषत को अधार बनाया जा रहा है। देवेंद्रनाथ की वोट मिलने की संख्या में भी अलग-अलग आंकड़े रखे जा रहे हैं। 2019 में भाजपा से बगावत कर निर्दलिए चुनाव लड़े पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को मिले लगभग 29 हजार वोट के अधार पर देवेंद्रनाथ को काफी कम वोट मिलने पर भाजपा की जीत निश्चित बताया जा रहा है। वहीं एक लाख या उससे ज्यादा वोट मिलने कांग्रेस को भी जीत का अवसर बता रहे हैं। अब कांग्रेस की जीत होगी या भाजपा की लेकिन चचाओं के केंद्र बिंदू देवेंद्रनाथ को ही रखा जा रहा है। अब लोगों को चार जून को आने वाले चुनाव परिणाम का बेसर्बी से इंजार है।

## सीसीएल कर्मचारियों के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट किया

### केडीएच परियोजना में काम ठप, वार्ता के बाद कार्य शरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना में मध्य रात्रि में सीसीएल कामगारों पर अज्ञात हमलावरों ने किया हमला। घटना लगभग रात्रि 12 से 1 बजे की बतायी जाती है। यह हमला केडीएच परियोजना के जामुन दोहर में चल रहे खनन कार्य मे लगे सीसीएल कर्मचारियों के साथ किया गया। अज्ञात अपराधियों के द्वारा हमला कर जमकर पिटाई से सीसीएल कर्मचारियों में दहशत का माहौल हो गया हूं। जानकरी के अनुसार परियोजना में कार्यरत कर्मी शशि उराँव,अर्जुन गंझू,धनेश्वर गंझू के अनुसार अपराधी आठ से 10 की संख्या में आये थे। आकर अचानक से मारपीट शरू कर दिया गया। जिससे चार कर्मचारी बुरी तरह से घायल हो गए। चार कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है। सीसीएल कर्मचारियों से मारपीट करने से रात्रि एक बजे से परियोजना का कार्य ठप कर दिया गया।



घायल लोगो का इलाज करते हुए

**श्रमिक संगठनों ने घटना पर दोषियों के फिलाफ कार्रवाई, अथवा सुरक्षा का मांग किया :** उधर एनके श्रमिक संगठनों ने केडीएच के जामुन दोहर पैच की घटना पर प्रबंधन से दोषियों पर करवाई की मांग किया गया। श्रमिक संगठनों ने एनके प्रबंधन से कर्मियों की सुरक्षा की मांग किया गया। वही श्रमिक नेताओ ने प्रबंधन के ऊपर बड़ा आरोप लगाते हुए बताया कि प्रबंधन हमलावरों पर बिना कोई कार्रवाई करते हुए तालमेल बनाकर परियोजना का कार्य निरंतर करना चाहती है।

वही खलारी थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस गयी थी। लेकिन सीसीएल के तरफ से कार्रवाई करने के लिए कोई लिखित आवेदन नही दिया गया है। लेकिन पुलिस अपने ओर से जांच कर रही है।

## नदी के छाड़न में ठेकेदार ने कराया विद्यालय भवन का निर्माण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम सतौवा में विद्यालय के नाम से जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण ठेकेदार ने पैसे की निकासी के लिए विद्यालय भवन का निर्माण नदी के छाड़न में करवा दिया। इंजीनियर व विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से गुणवत्ता का ध्यान रखे बिना नदी में भवन निर्माण विभाग से आठ कमरे वाला फर्स्ट फ्लोर तक विद्यालय भवन का निर्माण करवा दिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग क्या करें। भवन निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान तो इंजीनियर व अधिकारियों को रखना चाहिए था। विद्यालय के नाम से आवश्यकतानुसार जमीन उपलब्ध नहीं रहने के अभाव में विद्यालय का भवन वापस ना हो इसका ध्यान रखते हुए भवन का कुछ भाग नदी में ही निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। नदी में गार्डवाल भी नहीं है ताकि भवन की सुरक्षा बनी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी में अधिक पानी आ जाने पर भवन पर असर कर सकता है।

# झारखंड की बदहाली के लिये झामुमो जिम्मेवार : गीता कोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा झारखंड प्रदेश की वरिष्ठ नेत्री गीता कोड़ा एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह दुमका लोकसभा क्षेत्र के सदर मंडल प्रभारी अविनाश वर्मा ने दुमका क्षेत्र के केराबनी पंचायत के कई क्षेत्रों का दौरा करते हुए एक आम सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में गीता ने राज्य सरकार की विफलताओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य की बदहाली के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा को कसुरवार ठहराया और 1 जून को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सीता सोरेन को भारी मतों से वोट देकर चुनाव जीताने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित अविनाश वर्मा ने दुमका समेत संपूर्ण झारखंड राज्य में बालू की कालाबाजारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक साजिश के तहत बालू पर रोक लगाई गई है ताकि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले प्रधानमंत्री आवास का काम अधूरा रहे और भाजपा की सरकार बदनाम हो। सभा की अध्यक्षता एवं संचालन सदर मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश मंडल ने किया। मौके पर विधानसभा विस्तारक विजेंद्र ओझा, भरत दीक्षित, प्रहलाद सिंह, मुन्नीलाल गिरी, प्रमोद सिंह, अशोक पंडित, राजेश मंडल, राजेश टुडू, चंद्रशेखर पाल, जीत बाहन एवं कुश मंडल समेत सैकड़ो महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे।



## पांडू पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की छापेमारी, जावा महुवा किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड मुख्यालय के ग्राम कुटमू और ओरडीहा में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। उक्त जगहों से पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ व पुलिस ने छापेमारी के दौरान अवैध जावा महुआ एवं शराब को जब्त कर नष्ट किया। वही पांडू थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से शराब बनाया जाता है। छापामारी के दौरान लगभग पचास किलो जावा महुवा और शराब को नष्ट किया गया । साथ ही पुलिस ने अवैध शराब बनाने का उपकरण को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि पांडू क्षेत्र में किसी को भी नशीला सामग्री की बिक्री व अवैध शराब बनाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने शराब बनाने वाले लोगों को सचेत किया कि पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर लोग अपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। समाज में शराबियों के प्रति गलत संदेश फैल रहा है।



